# 33 कथन और तर्क
## (Statement & Arguments)

इस Section के अंतर्गत आने वाले प्रश्न सामान्यतः तर्क-वितर्क की क्षमता पर आधारित होते हैं। प्रश्न के रूप में एक कथन तथा उसके नीचे दो तर्क (एक सकारात्मक तथा दूसरा नकारात्मक) दिया रहता है।

आपको यह ज्ञात करना होता है कि कौन-सा तर्क ठोस है तथा आशा के अनुरूप है तथा कौन-सा तर्क ठोस नहीं है तथा आशा के अनुरूप नहीं है। इसमें आने वाले प्रश्न सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, आर्थिक तथा कानूनी क्षेत्रों से संबंधित होते हैं।

**महत्वपूर्ण स्मरणीय तथ्य**

- तर्क कथन से स्पष्ट रूप से जुड़े होने चाहिए तथा तर्क साधारण नहीं होने चाहिए।
- अगर कोई तर्क समाधान, सलाह या फैसला हो और कथन से सीधा संबंधित हो तो वह तर्क ठोस होता है।
- यदि तर्क में एकमात्र, सिर्फ, केवल इत्यादि लगा हो तो वह तर्क ठोस नहीं होता है।
- यदि तर्क के रूप में कोई प्रश्न हो तो वह ठोस नहीं होता है।
- यदि कोई तर्क तार्किक रूप में हो तथा किसी अन्य की नकल न हो, तो वह तर्क ठोस होता है।
- यदि तर्क द्विअर्थी (Dual या Ambiguous) हो तो वह ठोस नहीं होता है।
- यदि तर्क के रूप में किसी महान या श्रेष्ठ व्यक्ति का संवाद या मत हो तो वह ठोस नहीं होता है।
- सत्य या अनुभव पर आधारित तर्क ठोस होते हैं।
- सामाजिक, राजनीतिक, धार्मिक, कानूनी या अन्य पर आधारित तर्क ठोस होते हैं।

## साधित उदाहरण

**निर्देश :** महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय ठोस और कमजोर तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। ठोस तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे संबंधित होते हैं। कमजोर तर्क कम महत्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे संबंधित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से संबंधित हो सकते हैं।

नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं । आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क ठोस है और कौन-सा कमजोर है।

उत्तर (1) दीजिए, यदि केवल तर्क I ठोस है।
उत्तर (2) दीजिए, यदि केवल तर्क II ठोस है।
उत्तर (3) दीजिए, यदि या तो तर्क I या तर्क II ठोस है।
उत्तर (4) दीजिए, यदि न तो तर्क I और न ही तर्क II ठोस है।
उत्तर (5) दीजिए, यदि तर्क I और तर्क II दोनों ठोस हैं।

1. क्या अदालत के न्यायाधीशों की छुट्टियाँ कम कर देनी चाहिए ?

तर्क
I : हाँ, इससे न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी और बहुत से लोगों को वांछित समय में न्याय मिल सकेगा।
II : हाँ, यह ब्रिटिश परम्परा का द्योतक है, हम इसे आगे क्यों बढ़ाएँ ? *[SBI PO 2000]*

उत्तर (1) : केवल तर्क I ठोस है। अगर अदालत के न्यायाधीशों की छुट्टियाँ रद्द कर दी जाती हैं तो न्यायिक प्रक्रिया में तेजी आएगी और बहुत से मामलों का निपटारा तेजी से हो पाएगा।

2. क्या भारत में विद्यालय स्तर पर ''संस्कृत'' का शिक्षण अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए ?

तर्क
I : नहीं, हमारे पास इस भाषा को पढ़ाने हेतु प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं।
II : हाँ, हमें अपनी प्राचीन भाषा पर गर्व होना चाहिए। *[SSC 2007]*

उत्तर (4) : दोनों तर्क ठोस नहीं हैं क्योंकि हमारे पास इस भाषा को पढ़ाने हेतु प्रशिक्षित शिक्षक उपलब्ध नहीं हैं तथा संस्कृत भाषा हमारे प्रचलन में नहीं है।

3. क्या बच्चों को टेलीविजन देखने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगा देना चाहिए ?

तर्क
I : नहीं, टेलीविजन बहुत-सी शैक्षणिक तथा सामान्य सूचनाएँ देता है।
II : हाँ, बच्चों के अध्ययन में बाधा बन गया है। *[SIDBI 2000]*

उत्तर (1) : केवल तर्क I ठोस है क्योंकि टेलीविजन बहुत-सी शैक्षणिक तथा सामान्य सूचनाएँ देता है, अतः बच्चों को टेलीविजन देखने पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाना चाहिए, पर कुछ प्रतिबंध होना जरूरी-सा प्रतीत होता है।

4. क्या भारत में अर्थव्यवस्था को खुला बनाने के बाद सभी श्रमिक यूनियनों पर रोक लगा देनी चाहिए ?

तर्क
I : नहीं, अन्य आर्थिक रूप से विकसित देशों में श्रमिक यूनियनों पर प्रतिबंध नहीं है।
II : नहीं। कोई लेवल हेडेड श्रमिक यूनियन कर्मचारियों और अर्थव्यवस्था दोनों के लिए चमत्कार कर सकती है। *[UCO Bank 2010]*

उत्तर (4) : दोनों में से कोई भी एक ठोस नहीं है। तर्क I में दूसरे देश के बारे में बताया गया है जो एक प्रकार का नकल है तथा किसी चमत्कार की आशा से ही श्रमिक यूनियनों को प्रतिबंधित किया जाए यह तर्कपूर्ण नहीं हो सकता है।

5. क्या सरकार को अन्तर्राष्ट्रीय खेलों पर भारी धन का खर्च बंद कर देना चाहिए ?

तर्क
I : हाँ, इस धन का उपयोग गरीबों के उन्नयन में किया जा सकता है।
II : नहीं, खिलाड़ी इससे कुण्ठित हो जाएँगे और उन्हें अन्तर्राष्ट्रीय एक्सपोजर नहीं मिलेगा।

उत्तर (2) : केवल तर्क II ठोस है। अगर सरकार अन्तर्राष्ट्रीय खेलों पर भारी धन का खर्च बंद कर देती है, तो खिलाड़ियों को एक्सपोजर नहीं मिल पाएगा और वे कुण्ठित हो जाएँगे।

## अभ्यास

**निर्देश (1–60) :** *महत्वपूर्ण प्रश्नों के बारे में निर्णय करते समय ठोस और कमजोर तर्क में प्रभेद कर सकना वांछनीय होता है। ठोस तर्क महत्वपूर्ण और प्रश्न से सीधे संबंधित होते हैं। कमजोर तर्क कम महत्वपूर्ण होते हैं और प्रश्न से सीधे संबंधित नहीं भी हो सकते हैं या फिर प्रश्न के किसी नगण्य पहलू से संबंधित हो सकते हैं।*

*नीचे दिए गए प्रत्येक प्रश्न के बाद दो तर्क I और II दिए गए हैं आपको यह तय करना है कि कौन-सा तर्क ठोस है और कौन-सा कमजोर है।*

उत्तर (1) दीजिए, यदि केवल तर्क I ठोस है।

उत्तर (2) दीजिए, यदि केवल तर्क II ठोस है।

उत्तर (3) दीजिए, यदि या तो तर्क I या तर्क II ठोस है।

उत्तर (4) दीजिए, यदि न तो तर्क I और न ही तर्क II ठोस है।

उत्तर (5) दीजिए, यदि तर्क I और तर्क II दोनों ठोस हैं।

1. क्या डॉक्टरी पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए स्नातकीकरण पूरा करने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में कम-से-कम दो वर्षों के लिए सरकारी सेवा अनिवार्य कर दी जानी चाहिए।

तर्क

I: हाँ, ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करना और उनके उत्थान के लिए योगदान देना हर किसी का कर्त्तव्य है।

II: नहीं, यह केवल डॉक्टरी पढ़ने वाले विद्यार्थियों के लिए लागू नहीं किया जा सकता है, क्योंकि वे तो ऐसे भी अपनी पढ़ाई के दौरान और विशेषतः इंटर्नशिप की अवधि में अपना योगदान देते ही हैं। *[Corporation Bank PO 2007]*

2. क्या भारत में स्कूली शिक्षा मुक्त कर दी जानी चाहिए?

तर्क

I: हाँ, यह साक्षरता स्तर बढ़ाने का एकमात्र तरीका है।

II: नहीं, यह एक्सचेकर पर बोझ बढ़ाएगा जो पहले ही भारी है। *[SSC 2007]*

3. क्या विद्याविदों की निवृत्ति वय बढ़ाकर 65 वर्ष कर दी जानी चाहिए?

तर्क

I: नहीं, गैर-विद्याविद् जिनकी निवृत्ति वय सीमा कम है उनके लिए यह गैरवाजिब होगा।

II: हाँ, अनुभवी विद्याविद् राष्ट्र की बौद्धिक संपत्ति को बहुत योगदान दे सकते हैं।

4. क्या प्राइवेट कॉलेजों में प्रवेश हेतु प्रबन्धकों का कोटा बढ़ा दिया जाना चाहिए?

तर्क

I: नहीं, इससे योग्य विद्यार्थी अच्छे कॉलेजों में प्रवेश पाने से वंचित रह जायेंगे।

II: हाँ, यदि कॉलेज स्वयं निधिकृत हैं तो उन्हें प्रवेश हेतु अपने स्वयं के मानदण्ड निर्धारित करने की छूट होनी चाहिए।

5. क्या राज्य के शिक्षा विभाग को सभी प्राथमिक पाठशालाओं को बच्चों को गृहकार्य देना बंद करने के अनुदेश देने चाहिए?

तर्क

I: हाँ, बच्चों पर अत्यधिक बोझ टालने के लिए यह जरूरी है, पाठशाला के घंटे पर्याप्त सीखने हेतु काफी है।

II: नहीं, इससे माता-पिता अपने प्रतिपाल्यों की प्रगति मानीटर नहीं कर पाएँगे।

6. क्या सरकार की पूर्वानुमति के बिना सरकार को सभी राजनैतिक और धार्मिक जुलूसों पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए?

तर्क

I: हाँ, अक्सर जुलूसों की वजह से दंगे होते हैं।

II: नहीं, एक लोकतांत्रिक देश में यह मानव अधिकारों के खिलाफ है। *[SIDBI 2006]*

7. क्या सभी व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के लिए, सभी प्राइवेट कॉलेजों के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा का आयोजन अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए?

तर्क

I: हाँ, विद्यार्थियों को सभी कॉलेजों के लिए विचार करने का अवसर मिले यह सुनिश्चित करने हेतु प्रवेश परीक्षाओं की तारीखों में टकराव टालने के लिए यह जरूरी है।

II: नहीं, कॉलेज के ग्रेड के आधार पर, परीक्षाओं की कठिनाई के अलग-अलग स्तरों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए यह संभव नहीं है। *[SIDBI 2006]*

8. क्या स्नातकीकरण को किसी भी सरकारी क्षेत्र के संगठन में प्रवेश स्तर की नौकरियों के लिए न्यूनतम शैक्षिक अर्हता बनाया जाना चाहिए?

तर्क

I: हाँ, अपनी उच्च स्तरीय शिक्षा के आधार पर गैर-स्नातकों के मुकाबले स्नातकों का निष्पादन अच्छा होता है।

II: नहीं, ऐसे कई लोग हैं, जो अपना स्नातकीकरण पूरा करने तक बेरोजगार नहीं रह सकते हैं और स्नातक उम्मीदवारों के समान अच्छे कार्य निष्पादन के लिए समर्थ होते हैं।

9. क्या महाविद्यालय की सभी परीक्षाओं से सम्बद्ध परीक्षा निकायों को कैलकुलेटर के उपयोग की अनुमति देनी चाहिए?

तर्क

I: नहीं, यह जरूरी है कि अपनी संकल्पनाओं को स्पष्ट करने के लिए विद्यार्थियों को मैनुअल गणना की पद्धतियों का ज्ञान हो।

II: हाँ, सभी क्षेत्रों में कम्प्यूटरों के व्यापक उपयोग के साथ मैनुअल गणनाओं की अब आवश्यकता नहीं है।

10. क्या, सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों के सभी कर्मचारियों के लिए हिन्दी भाषा का ज्ञान अनिवार्य बनाया जाना चाहिए?

तर्क

I: हाँ, शैक्षिक रूप से समाज के पिछड़े तबके के लोगों के साथ व्यवहार में यह जरूरी है।

II: नहीं, सभी कर्मचारियों के लिए हिन्दी भाषा का ज्ञान होना जरूरी है। *[Bank of Baroda PO 2007]*

11. क्या निजी क्षेत्र के सभी संगठनों के लिए, सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए कोटा का आरक्षण अनिवार्य बनाना चाहिए?

तर्क

I: नहीं, निजी क्षेत्र के संगठन सरकारी नियमों द्वारा अधिशासित नहीं होने चाहिए।

II: हाँ, निजी क्षेत्र के संगठनों को भी सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के उत्थान में योगदान देना चाहिए।

12. क्या, बलात्कार और यौन उत्पीड़न की बढ़ती हुई घटनाओं के कारण महिलाओं को रात में अकेले यात्रा नहीं करने की सलाह दी जानी चाहिए।

तर्क

I: नहीं, इसके बजाय सरकार को ऐसी घटनाओं के नियंत्रण के उपाय करने चाहिए।

II: हाँ, पुलिस विभाग के लिए भी ऐसी घटनाओं पर नियंत्रण रखना मुश्किल है। *[Bank of Baroda PO 2007]*

13. क्या निजी कंपनियों को भारत में यात्री रेलगाड़ियाँ चलाने की अनुमति देनी चाहिए?

तर्क

I: हाँ, यह भारतीय रेलवे की सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगा और उसे कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा।

II: नहीं, निजी कंपनियाँ गैर मुनाफे वाले क्षेत्रों में प्रचालन के लिए राजी नहीं हो सकती हैं। *[RRB 2005]*

14. क्या भारतीय रक्षा बलों के अधिकारियों की सीधी भर्ती हेतु पात्रता के मानकों में छूट दी जाए ताकि पर्याप्त मात्रा में अधिकारी मिल सकें?
तर्क
I: हाँ, पात्रता के पुराने मानकों का सिर्फ अनुपालन करते जाने से ज्यादा महत्वपूर्ण बात है उपयुक्त।
II: नहीं, यह अधिकारियों के स्तर की गुणता पर बुरी तरह से प्रभाव डालेगा और रक्षा सेवा अपनी प्रतिष्ठा खो देगा। [SSC 2004]

15. केवल अच्छे लोग कम उम्र में मरते हैं।
तर्क
I: कोई अच्छा व्यक्ति वृद्धावस्था तक जीवित नहीं रहता।
II: वृद्धावस्था तक जीने वाला हर व्यक्ति बुरा होता है। [SSC 2003]

16. क्या प्रोफेशनल कॉलेजों में सीटें केवल निम्न आर्थिक वर्ग के छात्रों के लिए ही आरक्षित रखी जानी चाहिए?
तर्क
I: हाँ, इससे गरीब बच्चों, चाहे उनकी जाति और धर्म कुछ भी हो, को व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के उनके सपनों को पूरा करने में मदद मिलेगी।
II: नहीं, सीटें पिछड़ी जातियाँ और निम्न आर्थिक वर्गों के लोगों के लिए आरक्षित रखी जानी चाहिए ताकि उन्हें ऊँची जाति के लोगों के उत्पीड़न से बाहर आने में मदद मिले।

17. क्या भारत में सब वस्तुओं और सेवाओं पर एक ही प्रकार का सरकारी कर होना चाहिए?
तर्क
I: हाँ, इससे कर वसूली प्रक्रिया सरल हो जाएगी और कर दाता को भी लाभ होगा।
II: नहीं, किसी और देश ने ऐसी सरलीकृत कर उगाही प्रणाली नहीं अपनायी है। [United Bank of India PO 2005]

18. क्या भारत को आर्थिक सुधार प्रक्रिया को बदल देना चाहिए और समग्र आर्थिक विकास के लिए देश के भीतर का रूख करना चाहिए?
तर्क
I: नहीं, प्रक्रिया शुरू कर देने के बाद पीछे देखना संभव नहीं है।
II: हाँ, इससे भारत को लंबे समय में लाभ पहुँचेगा, क्योंकि पश्चिमी देशों से उधार ली गई सुधार की प्रक्रिया हमारी अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।

19. क्या उन सभी को, जो सभी यथोचित संदेशों से परे हत्या के दोषी सिद्ध हो जाते हैं, मृत्यु दण्ड दे दिया जाना चाहिए।
तर्क
I: नहीं, मृत्यु दण्ड बहुत ही विरले और अपवादात्मक मामलों में ही दिया जाना चाहिए।
II: हाँ, दूसरों की जान लेने वाले लोगों को सजा देने का यही एक तरीका है। [United Bank of India PO 2005]

20. क्या भारत में पोलिथिन की थैलियों पर प्रतिबन्ध लगा देना चाहिए?
तर्क
I: नहीं, पोलिथिन की थैलियाँ बहुत सस्ती तथा बड़ी सुविधाजनक होती हैं।
II: हाँ, क्योंकि बहुत-से देश ऐसा कर रहे हैं। [SSC 2006]

21. क्या भारत को व्यापक परमाणु निषेध संधि पर हस्ताक्षर करना चाहिए?
तर्क
I: नहीं, भारत तब, अगर ऐसा करता है वह अपना सार्वभौमिक अस्तित्व बनाये नहीं रख सकेगा।
II: हाँ, एशियाई प्रायद्वीप में तनाव कम करने का एकमात्र तरीका है। [SSC 2003]

22. क्या भूतकाल में आपराधिक मामलों में दोषी व्यक्तियों को भारत में चुनाव लड़ने की अनुमति देनी चाहिए?
तर्क
I: नहीं, ऐसे लोग देश और जनता की सेवा नहीं कर सकते हैं।
II: हाँ, यह तो लोकतंत्र है। लोगों को तय करने दीजिए कि किसे वोट देना है। [RRB 2004]

23. क्या सभी मेडिकल कॉलेजों–सरकारी और प्राइवेट दोनों के लिए भारत में केवल एक ही प्रवेश परीक्षा होनी चाहिए?
तर्क
I: नहीं, प्रत्येक कॉलेज की अपनी एक अलग आवश्यकता होती है और प्रवेश संबंधी निर्णय सम्बद्ध कॉलेजों पर छोड़ देना चाहिए।
II: हाँ, इससे प्रवेश के समय विद्यार्थियों के स्तर में एकरूपता आएगी और विविधता कम होगी। [SBI PO 2000]

24. क्या सभी बड़े शहरों में सडकों का रख-रखाव प्राइवेट कंपनियों को सौंप दिया जाना चाहिए?
तर्क
I: हाँ, वर्षभर सड़कों की अच्छी स्थिति सुनिश्चित करने का यही एक तरीका है।
II: नहीं, प्राइवेट कंपनियाँ सभी सड़कों का रख-रखाव करने के लिए सक्षम नहीं हैं। [Corporation Bank AO 2006]

25. क्या भारत के सभी स्कूलों के परिसरों में अमादक पेयों के विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।
तर्क
I: हाँ, इससे स्कूली बच्चों में ऐसे पेयों का उपयोग पर्याप्त कम होगा, क्योंकि इनमें हानिकारक रसायन होते हैं।
II: नहीं, लोकतांत्रिक देश में, ऐसे प्रतिबंध लादने का अधिकार प्राधिकारियों को नहीं है।

26. क्या कृषि खेतों में रासायनिक कीटनाशकों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए।
तर्क
I: नहीं, फसलों को कीड़ों से नुकसान होगा, क्योंकि अपने जीवन चक्र के दौरान प्रत्येक फसल पर कीड़ों का आक्रमण होता है।
II: हाँ, इससे वातावरण प्रदूषित होता है और भू-जल संदूषित होता है, इसके बदले जैविक कीटनाशकों का उपयोग किया जाना चाहिए। [Corporation Bank AO 2006]

27. क्या सरकार मुद्रास्फीति रोके रखने के लिए सभी निजी और सार्वजनिक क्षेत्रों के तथा अपने स्वयं के कर्मचारियों का वेतन जमा कर दे?
तर्क
I: हाँ, सम्पूर्ण विश्व में यह मुद्रास्फीति रोकने का एक निश्चित तरीका है।
II: नहीं, सरकार को चाहिए कि वह कीमतों पर नजर रखने के लिए बाजारी बलों पर नियंत्रण रखे। [SSC 2005]

28. क्या चुनाव में वोट डालना सभी मतदाताओं के लिए अनिवार्य बना दिया जाए?
तर्क
I: हाँ, चुनाव ज्यादा अर्थपूर्ण होंगे और मतदाता अपनी जिम्मेदारी को समझेंगे।
II: नहीं, यह लोकतंत्र के सिद्धान्तों के खिलाफ है। [RBI 2005]

29. जिन कंपनियों में रात पाली में कार्य करना पड़ता है, क्या उनमें महिला कर्मचारियों की भर्ती पर प्रतिबंध लगा दिया जाना चाहिए?
तर्क
I: नहीं, इसके बजाय कंपनियों को कर्मचारियों के घर तक परिवहन व्यवस्था करनी चाहिए।

II : हाँ, बलात्कार/उत्पीड़न और धोखेबाजी के बढ़ते हुए मामलों को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है। *[Allahabad Bank PO 2008]*

30. गंभीर बीमारी का पता लगाने के लिए क्या विवाह से पहले विवाह करने वाले दोनों व्यक्तियों के पैथोलॉजिकल परीक्षण अनिवार्य किए जाने चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, इससे घातक बीमारियों का फैलाव कम होगा।

II : नहीं, किसी भी व्यक्ति को किसी अन्य व्यक्ति को पैथोलॉजिकल परीक्षण के लिए मजबूर करने का अधिकार नहीं है और यह निर्णय पूर्णतः व्यक्ति पर छोड़ दिया जाना चाहिए।

31. क्या देश के सभी प्राथमिक स्कूलों में अंग्रेजी भाषा का पेपर अनिवार्य होना चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, देश के सभी प्राथमिक स्कूलों में अंग्रेजी भाषा पढ़ाने के लिए अर्हताप्राप्त शिक्षक नहीं हैं।

II : नहीं, छोटे बच्चों को इतनी कम उम्र में विदेशी भाषा पढ़ने का भार नहीं डालना चाहिए।

32. क्या चुनाव के समय उठने वाली अफवाहों पर रोक लगा देना चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, अधिकांश जनता समझदार नहीं है अतः वह अफवाहों से प्रभावित हो जाती है और उसके बहकावे में वोट डाल देती है।

II : हाँ, ऐसी अफवाहें विश्वसनीय नहीं होती हैं; अतः सही चुनाव के लिए उन पर रोक लगानी चाहिए। *[Union Bank of India AO 2005]*

33. 1985 से पहले के रजिस्टर्ड वाहनों को सड़क पर चलने से रोक लगानी चाहिए।

तर्क

I : नहीं, वे वाहन जो बीस वर्ष पुराने हैं उनको सड़क पर चलने की और अनुमति देनी चाहिए।

II : हाँ, इनको रोकने से प्रदूषण का स्तर गिरेगा जैसा कि नए मॉडल से संभव नहीं है। *[United Bank of India PO 2005]*

34. क्या सभी थर्मल पॉवर जेनरेशन प्रोजेक्ट दस वर्ष की अवधि में बन्द करने चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, ये थर्मल पॉवर जेनरेशन प्रोजेक्ट वातावरण को प्रदूषित करते हैं अतः धीरे-धीरे बन्द कर देने चाहिए।

II : नहीं, भारत के पास ऐसे अन्य साधन नहीं हैं, जो आवश्यकता के अनुसार बिजली की कमी को पूरा कर सके। अतः इन्हें भविष्य में भी इसी प्रकार चालू रखना चाहिए।

35. क्या लोगों के ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों से बड़े शहरों में स्थानान्तरण पर रोक लगा दी जानी चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, शहरों की मूल संरचना बहुत अधिक जनसंख्या को जगह उपलब्ध कराने के लिए पर्याप्त नहीं है।

II : नहीं, इससे ग्रामीण और अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों के योग्य युवा नौकरी के बेहतर अवसरों से बंचित रह जायेंगे।

36. क्या कॉलेज के छात्रों का सिगरेट पीना अपराध माना जाना चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, यह युवाओं के बीच एक फैशन बन गया है।

II : नहीं, 18 वर्ष की आयु से अधिक के व्यक्ति वयस्क होते हैं और उन्हें अपना निर्णय लेने का अधिकार है। *[RBI Grade 'B' 2005]*

37. क्या एक कैलेण्डर वर्ष के भीतर किसी भी देश द्वारा खेले जाने वाले एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैचों की संख्याएँ सीमित होनी चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, हर एक देश को जितने चाहे उतने मैच खेलने की स्वतंत्रता होनी चाहिए।

II : हाँ, अन्यथा उच्च क्रम के खिलाड़ी शीघ्र ही बर्बाद हो जाएँगे।

38. क्या देशभर में मैट्रीकुलेशन तक एक ही प्रकार के स्कूल होने चाहिए।

तर्क

I : हाँ, कुछ पश्चिमी देशों में ऐसा ही है।

II : नहीं, ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में स्कूल भिन्न होने चाहिए। *[Central Bank of India PO 2006]*

39. क्या फल उगाने वाले पौधों और पेड़ों के अनुरक्षण के लिए कीटनाशकों के प्रयोग पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया जाना चाहिए।

तर्क

I : नहीं, ये सभी पौधे और पेड़ कीटों के आक्रमण से नष्ट हो जाएँगे। इससे किसानों को गंभीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ेगा।

II : हाँ, कीटनाशकों में खतरनाक रसायनों का प्रयोग किया जाता है जो फलों में प्रवेश कर इनके उपभोक्ताओं के लिए स्वास्थ्य की गंभीर समस्याएँ पैदा करती हैं।

40. क्या भारत में जुआ खेलने की विधिक रूप से छूट दी जानी चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, जुए में लगने वाली राशि पर कर लगाकर सरकार अत्यधिक धन अर्जित कर सकती है, क्योंकि लोग अवैध रूप से जुआ खेलते हैं।

II : नहीं, इसे विधिक बनाए जाने पर समाज के गरीब वर्ग के लोग अपनी पूरी आय जुए में लगा देंगे, इससे उन्हें भूखमरी का सामना करना पड़ेगा। *[Central Bank of India PO 2006]*

41. क्या सरकार को घाटा उठाने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयाँ बंद कर देनी चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, सभी कर्मचारियों की नौकरी, सुरक्षा और आमदनी चली जाएगी, वे क्या करेंगे ?

II : हाँ, प्रतिस्पर्धात्मक विश्व में नियम है ''योग्यता का बचा रहना।'' *[SSC 2004]*

42. क्या भारत को बहुराष्ट्रीय कंपनियों को अनुमति देनी चाहिए कि वे उसके समुद्र के विस्तृत आर्थिक क्षेत्र के स्रोतों का अन्वेषण करें ?

तर्क

I : हाँ, भारत में ऐसी खोजों के लिए पर्याप्त तकनीकी और वित्तीय स्रोत नहीं हैं।

II : नहीं, यह राष्ट्र के सर्वप्रभुता संपन्न दर्जे को खतरे में डाल देगा। *[MBA 2005]*

43. क्या भारत में प्रमुख शिक्षा संस्थानों में प्रवेश हेतु अल्प सुविधा प्राप्त वर्गों और अल्पसंख्यक समुदायों के लिए कोटा होना चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, प्रमुख संस्थानों में प्रवेश केवल योग्यता के आधार पर ही होना चाहिए और विशेष रूप से विचार करने की कोई प्रणाली नहीं होनी चाहिए।

II : नहीं, इससे गैर-आरक्षित वर्ग के लायक विद्यार्थियों को नुकसान होगा।

44. क्या राज्य भर में डान्स बारों पर संपूर्ण प्रतिबंध न्यायोचित है ?

तर्क

I : हाँ, डान्स बारों के चलने से विभिन्न अवैध और आपराधिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलता है।

II : नहीं, बार-बालाओं के परिवारों की जीविका पूर्णतः डान्स बारों पर निर्भर है।

45. क्या विधि प्रवर्त्तन एजेंसियों द्वारा निरुद विचाराधीन शीर्ष अधिकारियों और राजनीतिज्ञों को जेलों में विशेष सुविधाएँ दी जानी चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, ऐसी कोई विशेष सुविधा देने की आवश्यकता नहीं है। उनके साथ अन्य सभी निरुद्ध व्यक्तियों जैसा ही व्यवहार किया जाना चाहिए।

II : हाँ, उनकी विशेष सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखने के लिए यह जरूरी है। *[UCO Bank PO 2006]*

46. युवाओं में अपराधों के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए क्या माता-पिता और शिक्षकों को सभी बच्चों पर कड़ा अनुशासन लादना चाहिए ?

तर्क

I : हाँ बच्चों को अत्यधिक स्वतंत्रता देने से अपराधों के ऐसे मामले होते हैं।

II : नहीं, बदलते हुए सामाजिक परिवेश में बच्चों को स्वतंत्रता देना आवश्यक है।

47. क्या लिंग-अंतरण सर्जरी की कानूनन अनुमति दी जानी चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, यह ट्रान्स सेक्सुअलों की जायज आवश्यकता है।

II : नहीं, आवश्यकता की जायजता का निर्णय करना कठिन है अतः लोग इस सुविधा का गलत फायदा उठायेंगे। *[UCO Bank PO 2006]*

48. क्या प्रसिद्ध विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में संस्थाएँ स्थापित करने की अनुमति दी जानी चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, इससे भारतीय विद्यार्थियों को देश छोड़े बिना अंतर्राष्ट्रीय स्तर की शिक्षा प्राप्त करने में सहायता मिलेगी।

II : नहीं, इससे इन संस्थाओं के बीच अस्वस्थ्य किस्म की प्रतियोगिता होने लगेगी जिससे अव्यवस्था पैदा हो जाएगी।

49. क्या भारत में XII कक्षा की अंतिम परीक्षाओं में बैठने वाले सभी छात्रों के लिए एक सामान्य परीक्षा होनी चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, इससे पूरे देश में XII कक्षा की परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों का स्तर एक समान हो जाएगा।

II : नहीं, सारे देश में फैले छात्रों की इतनी विशाल संख्या के लिए सामान्य परीक्षा आयोजित करना अव्यावहारिक है।

50. क्या सार्वजनिक क्षेत्र के लाभ कमाने वाले उपक्रमों के निजीकरण की प्रक्रिया को तत्काल बंद कर दिया जाना चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, इससे सरकार की बढ़ते हुए राजकोषीय घाटे में महत्वपूर्ण कमी करने में सहायता मिलेगी।

II : हाँ, सरकार को सार्वजनिक क्षेत्र के लाभ कमाने वाले उपक्रमों में अपना हिस्सा नहीं बेचना चाहिए, क्योंकि ये इकाइयाँ सरकार को निरन्तरता के आधार पर संसाधन उत्पन्न करेंगे।

51. क्या भारत के सार्वजनिक क्षेत्र के बड़े बैंकों को सार्वजनिक और निजी दोनों क्षेत्रों के अपेक्षाकृत छोटे बैंकों को अधिकार में लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाना चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, इससे बैंकों को वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करने के लिए संसाधनों में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी।

II : नहीं, इन बैंकों के बहुत से कर्मचारी अपनी नौकरी खो बैठेंगे, क्योंकि विलय के बाद बहुत-सी शाखाएँ और कर्मचारी अतिरिक्त हो जाएँगे।

52. क्या भारत को लौह अयस्क के निर्यात पर पूर्ण प्रतिबंध लगा देना चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, भारत लौह अयस्क के निर्यात से यथेष्ट मात्रा में विदेशी मुद्रा अर्जित करता है।

II : हाँ, बल्कि नौकरियों के ज्यादा अवसर पैदा करने के लिए स्टील बनाने के ज्यादा से ज्यादा प्लांट लगाए जाने चाहिए। *[Union Bank of India PO 2005]*

53. क्या सभी अन्तर्राष्ट्रीय उड़ानों में हैंड बैगेज पर स्थायी रूप से रोक लगा दी जानी चाहिए ?

तर्क

I : नहीं, इससे बहुत असुविधा होगी क्योंकि लंबी दूरी की उड़ानों में न्यूनतम जरूरतों की चीजें ले जानी पड़ती हैं।

II : हाँ, यात्रा कर रहे यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है।

54. क्या टेलीविजन पर वयस्क फिल्मों के प्रसारण पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, ऐसी फिल्में बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव डालती हैं और उनके हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

II : नहीं, बल्कि उनका प्रसारण किसी नियत समय पर जब बच्चे आमतौर पर घर से बाहर होते हैं, किया जा सकता है। *[Andhra Bank PO 2006]*

55. क्या सभी स्कूलों में जिन्हें सरकारी सहायता मिलती है और जिन्हें नहीं मिलती है। दोनों तरह के कक्षा-X तक सभी बच्चों के लिए ट्यूशन फीस माफ कर दी जानी चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, इससे हमारे देश में साक्षरता दर में सुधार आएगा।

II : नहीं, खासकर जिन स्कूलों को सहायता नहीं मिलती है उन्हें अपने नियमित खर्चे पूरे करने के लिए ट्यूशन फीस लेने की अनुमति देनी चाहिए। *[Union Bank PO 2006]*

56. क्या भारत के कुछ राज्यों को पॉवर शॉर्टेज से मुक्ति दिलाने के लिए सभी राज्यों को केन्द्र के पॉवर ग्रीड से जोड़ देना चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, इससे प्रतिवर्ष माँग के अनुसार पॉवर क्षमता बढ़वाने में सहायता मिलती है।

II : नहीं, इससे कम जनसंख्या वाले राज्यों को केन्द्र पॉवर ग्रिड से अधिक पॉवर मिलेगी।

57. क्या भारत में फाँसी के स्थान पर पूरे जीवन कठोर कारावास की सजा के रूप में बदल देना चाहिए ?

तर्क

I : हाँ, बहुत से विकसित देशों ने इसे लागू कर दिया है।

II : नहीं, फाँसी की सजा रहनी चाहिए, जिन्होंने जघन्य अपराध किया है। *[Corporation Bank PO 2005]*

58. क्या हमारे देश में कुछ अवसरों को छोड़कर आतिशबाजी सहित पठाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध होना चाहिए?

तर्क

I: नहीं, लोगों को सभी अवसरों पर अपनी रुचियों और प्राथमिकताओं के अनुसार आनंद उठाने की अनुमति होनी चाहिए।

II: हाँ, पठाखे चलाने से बहुत ज्यादा ध्वनि और वायु प्रदूषण होता है जो स्वास्थ्य के लिए खतरनाक है।

*[India overseas Bank PO 2006]*

59. क्या नगर विकास प्राधिकारियों को शॉपिंग मॉल के निर्माण को प्रोत्साहित करना चाहिए जिसके परिणामस्वरूप छोटी दूकानें बन्द हो जाएगी?

तर्क

I: हाँ, शॉपिंग मॉल में एक ही छत के नीचे हरेक चीज सस्ती दर पर मिल सकती है।

II: नहीं, बहुत से लोगों के लिए रोजमर्रा की खरीददारी के लिए शॉपिंग मॉल में जाना सुविधाजनक नहीं होगा।

60. क्या छात्र संघों के राजनीतिक दलों से सम्बद्ध होने पर प्रतिबंध होना चाहिए?

तर्क

I: हाँ, राजनीतिक दल अपने स्वार्थ हितों को पूरा करने के लिए छात्र संघों का अनुचित लाभ उठाते हैं।

II: नहीं, राजनीतिक दलों के समर्थक के बिना छात्र संघ बच नहीं पाएँगे।

## उत्तर

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. (1) | 2. (4) | 3. (1) | 4. (1) | 5. (4) | 6. (3) |
| 7. (2) | 8. (2) | 9. (2) | 10. (1) | 11. (1) | 12. (1) |
| 13. (1) | 14. (2) | 15. (4) | 16. (1) | 17. (1) | 18. (2) |
| 19. (1) | 20. (4) | 21. (1) | 22. (5) | 23. (2) | 24. (4) |
| 25. (1) | 26. (5) | 27. (2) | 28. (2) | 29. (1) | 30. (1) |
| 31. (4) | 32. (5) | 33. (2) | 34. (5) | 35. (2) | 36. (4) |
| 37. (2) | 38. (4) | 39. (3) | 40. (5) | 41. (2) | 42. (1) |
| 43. (1) | 44. (1) | 45. (2) | 46. (1) | 47. (2) | 48. (1) |
| 49. (5) | 50. (2) | 51. (5) | 52. (5) | 53. (1) | 54. (1) |
| 55. (3) | 56. (2) | 57. (2) | 58. (2) | 59. (5) | 60. (1) |

## व्याख्यात्मक उत्तर

1. (1) केवल तर्क I ठोस है। ग्रामीण क्षेत्रों में सेवा करना डॉक्टरों का कर्त्तव्य है, क्योंकि ग्रामीण क्षेत्रों में कोई अस्पताल नहीं होता है, जहाँ वे इमरजेन्सी होने पर इलाज करा सकें तथा दूसरा तर्क कमजोर तथा महत्वहीन है।

2. (4) दोनों तर्क ठोस नहीं हैं क्योंकि तर्क I में 'एकमात्र' शब्द है जो प्रश्न को आधारहीन बना देता है तथा जनकल्याण के कार्य हेतु सरकार को खर्च वहन करना ही होता है। इसके लिए राजकोष (एक्सचेकर) पर पहले से बोझ हो या नहीं।

3. (1) केवल तर्क I ठोस है क्योंकि भारत एक लोकतांत्रिक देश है यहाँ प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक-सा कानून है। ऐसे में केवल शिक्षाविदों की निवृत्ति बढ़ाना दूसरी सेवाओं में कार्यरत कर्मचारियों के साथ अन्याय होगा। जहाँ तक अनुभव का प्रश्न है तो वह प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्य क्षेत्र में होता है। ऐसे में केवल शिक्षाविदों की ही निवृत्ति सीमा ही क्यों बढ़ाई जाए।

4. (1) केवल तर्क I ठोस है। प्रबन्धकों का कोटा बढ़ाने से अन्य छात्रों के लिए सीट कम रह जाएगी और योग्य विद्यार्थी कॉलेज में प्रवेश पाने से वंचित रह जाँयेंगे।

5. (4) दोनों तर्क ठोस नहीं हैं। किसी भी कार्य को सीखने के लिए उसका अभ्यास जरूरी है। अतः बच्चों के लिए गृह-कार्य का होना जरूरी है। गृह-कार्य बच्चों की प्रगति का मॉनिटर नहीं है वह तो केवल बच्चों के खाली समय को उपयोग करने के लिए दिया जाता है।

6. (3) या तो तर्क I या II ठोस है, जुलूसों में कुछ शरारती तत्व शामिल होकर अशान्ति फैलाने के उद्देश्य से दंगे करते हैं। अतः इस प्रकार के जुलूसों पर प्रतिबंध लगाना जरूरी है। दूसरी तरफ भारत एक लोकतांत्रिक देश है। यहाँ प्रत्येक व्यक्ति को अपने विचार अपने ढंग से व्यक्त करने का अधिकार है। इस दशा में यह प्रतिबंध मानव अधिकार के खिलाफ है।

7. (2) केवल तर्क II ठोस है चूँकि व्यावसायिक पाठ्यक्रमों के स्तर अलग-अलग होते हैं। सभी पाठ्यक्रमों की अलग-अलग आवश्यकता होती है। इसलिए सभी प्राइवेट कॉलेजों के लिए एक ही प्रवेश परीक्षा का आयोजन कर देना ठीक नहीं है।

8. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि यदि कोई व्यक्ति स्नातक नहीं है, परन्तु कार्य निष्पादन में दक्ष है, तो उन्हें नौकरी मिलनी चाहिए इसके विपरीत यदि कोई व्यक्ति स्नातक है, परन्तु कार्य निष्पादन में दक्ष नहीं है, तो उसे नौकरी नहीं मिलनी चाहिए।

9. (2) केवल तर्क II ठोस है, महाविद्यालयों की परीक्षाओं में प्रश्नों का हल काफी विस्तृत होता है अतः उनको हल करने के लिए कैलकुलेटर की आवश्यकता है।

10. (1) केवल तर्क I ठोस है चूँकि सार्वजनिक क्षेत्र के संगठनों में ऐसे बहुत से कर्मचारी ऐसे भी होते हैं, जो बहुत ही कम पढ़े-लिखे होते हैं। अतः हिन्दी भाषा के ज्ञान से सबका काम चल जाएगा।

11. (1) केवल तर्क I ठोस है। निजी क्षेत्र के सभी संगठनों में सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए कोटा का आरक्षण जरूरी नहीं है, क्योंकि वहाँ प्रतिभा की आवश्यकता होती है।

12. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि कभी किसी महिला को रात में जाना जरूरी हो जाए तो उस परिस्थिति में पुलिस को बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की घटनाओं को रोकने के लिए उचित कदम उठाना चाहिए।

13. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि निजी कंपनियाँ प्रतिस्पर्धा की भावना से भारतीय रेलवे की सेवा की गुणवत्ता को बेहतर बनाएगी और लोगों को अपनी ओर आकर्षित करने के लिए अच्छी से अच्छी सेवा उपलब्ध कराएगी।

14. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि पात्रता और योग्यता के मानकों में छूट देने से अधिकारियों के स्तर की गुणवता पर बुरी तरह से प्रभाव पड़ेगा।

15. (4) कोई भी तर्क ठोस नहीं है, क्योंकि अच्छे लोग कम उम्र में मरते हैं तथा बुरे लोग वृद्धावस्था तक जीते हैं। यह सही नहीं है।

16. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि गरीब बच्चों के लिए प्रोफेशनल कॉलेजों में सीट आरक्षित रखना जरूरी होता है, जिससे वे अपने सपनों को साकार कर सकें।

17. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि इससे कर देने वालों तथा सरकार दोनों को लाभ मिलेगा।

18. (2) केवल तर्क II ठोस है। हमें अपनी गलती को सुधारनी चाहिए क्योंकि सुधार की प्रक्रिया हमारी अर्थव्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डालेगी।

19. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि मृत्युदण्ड बहुत ही अपवादात्मक मामलों में ही दिया जाता है।

20. (4) दोनों में से कोई तर्क ठोस नहीं है क्योंकि कोई भी चीज कितनी ही सस्ती और सुविधाजनक क्यों न हो यदि उसका बुरा प्रभाव पड़ता है तो वह कभी अच्छी नहीं हो सकती है तथा दूसरे का कभी नकल नहीं करना चाहिए।

21. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि अगर भारत ऐसा करता है तो वह सार्वभौमिक अस्तित्व को बनाये नहीं रख पायेगा और ऐसा करके तनाव को दूर नहीं किया जा सकता है।

22. (5) दोनों तर्क ठोस हैं, क्योंकि अपराधी प्रवृत्ति का व्यक्ति आम जनता को नुकसान पहुँचाते हैं और अगर ऐसा व्यक्ति जनप्रतिनिधि बन जाता है तो जनता की सेवा न करके उनका शोषण ही करेगा तथा दूसरी तरफ संविधान द्वारा किसी भी व्यक्ति को चुनाव लड़ने का मौलिक अधिकार प्रदान किया हुआ है। अतः ऐसे व्यक्ति को चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध नहीं लगाया जा सकता है।

23. (2) केवल तर्क II ठोस है क्योंकि एक ही प्रवेश परीक्षा आयोजित करने से विद्यार्थियों के स्तर में एकरूपता आएगी और विविधता कम होगी जो बहुत ही जरूरी है।

24. (4) दोनों में से कोई तर्क ठोस नहीं है।

25. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि अमादक पेयों में कुछ हानिकारक पदार्थ होते हैं, जो बच्चों को हानि पहुँचाते हैं। अतः इस पर प्रतिबंध लगा देना चाहिए।

26. (5) दोनों तर्क ठोस हैं क्योंकि यदि कीटनाशक के प्रयोग पर प्रतिबंध लगाने से संपूर्ण फसल को कीड़े नष्ट कर देंगे तथा यदि प्रतिबंध नहीं लगाते हैं तो इससे वातावरण प्रदूषित होता है और भू-जल संदूषित होता है।

27. (2) केवल तर्क II ठोस है क्योंकि सरकार को मुद्रास्फीति पर नियंत्रण के लिए वस्तुओं की कीमतों पर नजर रखने के लिए बाजारी बलों पर नियंत्रण रखना चाहिए।

28. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि वोट डालना प्रत्येक व्यक्ति का संवैधानिक अधिकार है।

29. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि कंपनियों को कर्मचारियों के घर तक परिवहन व्यवस्था करने से समस्या नहीं उत्पन्न होगी।

30. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि पैथोलॉजिकल परीक्षण होने से बीमारी का फैलाव कम हो जाएगा।

31. (4) दोनों में से कोई तर्क ठोस नहीं है क्योंकि आज के समय में अंग्रेजी एक अंतराष्ट्रीय भाषा है और अपना देश एक साक्षर देश है इसमें अंग्रेजी पढ़ाने के लिए शिक्षक सरलता से उपलब्ध हो सकते हैं और बच्चों को जिस वातावरण में रखा जाता है वे उसी वातावरण के अनुसार अनुकूलित हो जाते हैं।

32. (5) दोनों तर्क ठोस हैं, क्योंकि अफवाहों को रोक लगाने से निष्पक्ष चुनाव का नतीजा सामने आएगा तथा सही चुनाव के लिए उन पर रोक लगाना ही एक उचित तरीका है।

33. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि ऐसे वाहनों पर रोक लगाना जरूरी है जो सुरक्षा की दृष्टिकोण से हानिकारक है। इनको रोकने से प्रदूषण का स्तर गिरेगा जो हमारे लिए लाभप्रद है।

34. (5) दोनों तर्क ठोस हैं, क्योंकि थर्मल पॉवर जेनरेशन प्रोजेक्ट को प्रदूषण के चलते रोक लगाना उचित है तथा हमारे पास विद्युत उत्पादन का अन्य कोई उचित साधन नहीं है इसको ध्यान में रखते हुए रोक नहीं लगानी चाहिए।

35. (2) केवल तर्क II ठोस है क्योंकि ग्रामीण और अर्द्ध शहरी क्षेत्रों के योग्य युवा नौकरी के बेहतर अवसरों के पाने के हकदार है। उन पर रोक लगाना उचित नहीं है।

36. (4) दोनों तर्क ठोस नहीं हैं, क्योंकि तर्क, कथन से सीधे ताल्लुक नहीं रखते हैं।

37. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि एकदिवसीय अन्तर्राष्ट्रीय मैचों की संख्याएँ असीमित होना अधिक श्रम का व्यय होना। अतः यदि सीमा के परे कोई कार्य किया जाए तो वह केवल नुकसान देय होता है। अतः सीमित संख्या सही नियंत्रण मानसिकता व स्वस्थता का प्रतीक होगा।

38. (4) दोनों में से कोई तर्क ठोस नहीं है।

39. (3) दोनों में से कोई एक तर्क ठोस है, क्योंकि दोनों तर्क की एक साथ तुलना नहीं की जा सकती है, क्योंकि ये तर्क एक-दूसरे के विपरीत हो जाते हैं।

40. (5) दोनों तर्क ठोस है क्योंकि अगर सरकार इस पर कर लगाती है तो अवैध रूप से खेले जाने वाले जुए पर विराम लगेगा और सरकार के राजस्व में वृद्धि होगी तथा इस पर प्रतिबंध न लगाने से गरीब अपनी पूरी आय को जुए में लगा देंगे।

41. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि घाटा उठानेवाली इकाइयों को चालू रखने से कोई फायदा नहीं होता है। अतः उनको बंद कर देना ही उचित होता है।

42. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि भारत में ऐसी खोजों के लिए पर्याप्त तकनीकी और वित्तीय स्रोत नहीं है। अतः देश के विकास के लिए यह व्यवस्था जरूरी है।

43. (1) केवल तर्क I ठोस है। प्रमुख शिक्षा संस्थानों में प्रवेश केवल योग्यता के आधार पर होना चाहिए। यदि कोई छात्र अयोग्य है तो वह प्रवेश मिलने पर भी योग्य नहीं हो पायेगा और भविष्य में भी अकुशल कार्य करते रहेगा।

44. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि डांस बार आपराधिक गतिविधियों का केन्द्र होता है। अतः इस पर रोक लगाना आवश्यक होता है।

45. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि इन व्यक्तियों ने कोई अवैध अपराध नहीं किया है। अतः उनकी विशेष सुरक्षा आवश्यकताओं को ध्यान में रखने के लिए यह जरूरी है।

46. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि युवाओं में अधिक सुविधा देने से अपराधों में वृद्धि होगी।

47. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि इस तकनीकी का लोग गलत फायदा उठाएँगे।

48. (1) केवल तर्क I ठोस है अगर विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में संस्थाएँ स्थापित करने की अनुमति दी जाती है तो इससे विद्यार्थियों का समय तथा धन की बचत होगी।

49. (5) दोनों तर्क ठोस हैं, क्योंकि ऐसा करने से सभी छात्रों की शिक्षा का स्तर एक समान हो जाएगा और सभी के साथ एक-सा बर्ताव होगा तथा अगर ऐसा होता है तो देश के छात्रों की संख्या विशाल होने से परीक्षा लेना बहुत ही कठिन होगा।

50. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि जो उपक्रम लाभ कमाने वाला हो उसे बेचना नहीं चाहिए क्योंकि ऐसा उपक्रम अनेकानेक संसाधन उपलब्ध कराता है।

51. (5) दोनों तर्क ठोस हैं, क्योंकि इससे बैंकों की वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा के कारण संसाधनों में वृद्धि करने में सहायता मिलेगी और दूसरी तरफ ऐसा करने से बहुत से कर्मचारी अपनी नौकरी खो बैठेंगे।

52. (5) दोनों तर्क ठोस हैं क्योंकि लौह अयस्क के निर्यात से भारत को बहुत बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा की प्राप्ति होता है दूसरी तरफ लौह अयस्क से स्टील बनाई जा सकती है। इसलिए स्टील प्लान्ट लगाने पड़ेंगे और अधिक नौकरियों के अवसर मिलेंगे।

53. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि यात्रा के दौरान हैण्ड बैगेज ले जाना जरूरी है, क्योंकि न्यूनतम जरूरतों की चीजें बैग में आसानी से रखी जा सकती हैं किन्तु सुरक्षा की दृष्टि से इनको चेक किया जाना चाहिए।

54. (1) केवल तर्क I ठोस है, क्योंकि टेलीविजन पर वयस्क फिल्मों के प्रसारण पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध लगा देना चाहिए। ऐसी फिल्मों से बच्चों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

55. (3) दोनों में से कोई एक तर्क ठोस है चूँकि हमारे देश की साक्षरता की दर में सुधार लाना प्राथमिकता है तथा जिन स्कूलों को सरकारी सहायता उपलब्ध नहीं है उन्हें स्कूल की देख-रेख व संचालन हेतु आय के स्रोत की आवश्यकता होती है।

56. (2) केवल तर्क II ठोस है क्योंकि ऐसा करने से केन्द्र के पॉवर ग्रिड से जोड़ने पर सभी राज्यों में विद्युत समान मात्रा में जाएगी जबकि सभी राज्यों की जनसंख्या एक समान नहीं है।

57. (2) केवल तर्क II ठोस है, क्योंकि फाँसी की सजा के होते हुए कोई व्यक्ति जघन्य अपराध करने से डरकर अपना फैसला बदल दे।

58. (2) केवल तर्क II ठोस है। कुछ अवसरों को छोड़कर आतिशबाजी सहित पटाखे चलाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा देना चाहिए, क्योंकि आतिशबाजी के कारण वायु तथा ध्वनि प्रदूषित होती है और इससे हमारे स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है।

59. (5) दोनों तर्क ठोस हैं क्योंकि शॉपिंग मॉल उनलोगों के लिए सुविधाजनक है जो उनके घरों के पास खुली हो ताकि वे लोग सारी वस्तुएँ एक ही स्थान पर से खरीद सकें तथा जिनके घर के पास शॉपिंग मॉल नहीं है उनलोगों को दैनिक आवश्यकताओं की वस्तुओं को खरीदना कठिन हो जाएगा।

60. (1) केवल तर्क I ठोस है चूँकि छात्र संघों के राजनीतिक दलों से सम्बद्ध होने पर प्रतिबंध होना चाहिए क्योंकि राजनीतिक दल अपने स्वार्थ में छात्रसंघ के पदाधिकारियों से गलत तथा असंवैधानिक कार्य कराते हैं।

★★★